## एक नजर में

### सीएमई के आयोजन में 55 से अधिक डॉक्टरों ने लिया भाग



**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 14 मार्च को एनएसीएल रेस्टोरेंट में सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में 55 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। सीएमई में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.लोकेंद्र सिंह ठाकुर हृदय रोग विशेषज्ञ के द्वारा व्याख्यान दिया गया। सभी डॉक्टर्स के बीच व्याख्यान पर चर्चा की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में सीएमई का सफल आयोजन किया गया।

### संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन शिक्षक पात्रता परीक्षा पर करें पुनर्विचार



**बुरहानपुर।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला बुरहानपुर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को नेपानगर आगमन पर हेलीपैड पर ज्ञापन सोपा गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि लाखों शिक्षकों के टेंशन का कारण शिक्षक पात्रता परीक्षा है इसके निवारण के लिए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी को हेलीपैड पर ज्ञापन सोपा गया। प्रदेश के लाखों कर्मचारियों का मुद्दा उठाते हुए श्री दीक्षित ने कहा कि 2009 शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि 2005 के बाद जिन लोगों ने परीक्षा दी है और 2005 के पहले जिन्होंने परीक्षा नहीं दिए उन सभी को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है इस फैसले के विरुद्ध माननीय मध्य प्रदेश सरकार को रिव्यू कोटेशन याचिका दाखिल करना चाहिए ,जिस प्रकार जम्मू कश्मीर, केरल, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों के हित में याचिका दाखिल की है । इसी प्रकार मध्य प्रदेश सरकार भी शिक्षकों के जीवन को देखते हुए और शिक्षकों द्वारा प्रदेश के विकास में रात दिन मेहनत कर मध्य प्रदेश का समृद्ध बनाने में अपना जो योगदान दिया है उसको देखते हुए शिक्षकों के हित मे निर्णय लेना चाहिए । संयुक्त मोर्चा के डॉक्टर अशफाक खान,अनिल बाविस्कर,राजेश पाटील,राजकुमार मंडलोई ,विजय राठौड, धर्मेंद्र चौकसे,सदानंद कैप्स ने कहा कि मुख्यमंत्री आप प्रदेश के आन.बान शान हैए समस्त शिक्षक गण आपके और अपनी आशा भरी नजरों से देख रहा है और इतना ही नहीं यह जो नियमावली है यह उन शिक्षकों पर लागू किया जाए जब से आरटीई लागू हुआ है आरटीई लागू होने से पूर्व समस्त शिक्षकों ने अपने स्तर की पात्रता परीक्षा में उतना करने की पश्चात ही सेवारत हुए हैं वहीं दूसरी ओर 1998 के शिक्षाकर्मियों को ने साक्षात्कार के माध्यम से पात्रता की थी 2001 के एवं 2003 के संविदा भर्ती शिक्षकों ने भी साक्षात्कार के माध्यम से परीक्षा उत्तीर्ण की एवं 2005 एवं 2008 के शिक्षकों ने व्यापम के माध्यम से पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण्य कर के ही सेवा में आए हैं वहीं दूसरी और संयुक्त मोर्चा के राजेश साल्वे का कहना है कि जो लोग इस आरटीई नियम से कार्यरत थे उन पर यह नियम लगाना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन खंडवा जिले के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ,बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनीस को भी दिया गया।

### महिलाओं ने गणगौर पर निकाली बिंदोरा रथ यात्रा, शहर में भजन-संगीत और ढोल नगाड़ों के साथ उत्साह



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में गणगौर पर्व के अवसर पर शुक्रवार शाम अग्रवाल महिला मंडल ने बिंदोरा रथ यात्रा निकाली। यह यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी, जिसमें समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष गणगौर पर्व पर इस रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी मंडल की अध्यक्ष अपूर्वा गौरव अग्रवाल सहित रश्मि अग्रवाल,आरती अग्रवाल, निशा अग्रवाल और संतोष अग्रवाल ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। यात्रा की शुरुआत भजनए संगीत और ढोल.नगाड़ों के साथ हुई। अपूर्वा अग्रवाल ने बताया कि बिंदोरा रथ यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर बाई साहेब की हवेली, शनि मंदिर, फव्वारा चौक और कसेरा बाजार की गली से होते हुए वापस अग्रवाल धर्मशाला, राजघाट रोड पर समाप्त हुई।

### नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

**नेपानगर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर नावरा द्वारा ग्राम सिंधखेड़ा में निरूशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ विक्रम डावर व डॉ नीरज महाजन द्वारा 53 ग्रामीणों व शासकीय माध्यमिक शाला सिंध खेड़ा में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण कि गई। शिविर में सर्दी, खांसी, जोड़ दर्द, कमर दर्द, गैस,कब्ज, एलर्जी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, त्वचा रोग व सामान्य कमजोरी जैसे रोगों की जांच की गई। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानिया,उपाय बताए गए। उन्हें बताया गया कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी, लू लगना, थकान, चक्कर आना, सिरदर्द जैसी समस्याएं अधिक हो सकती हैं इसलिए इनसे बचाव के लिए कुछ सरल उपाय जैसे दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, धूप में बाहर निकलते समय सिर को कपड़ेए टोपी या छाते से ढकनाए हल्का सुपाच्य भोजन लेनाए मौसमी फलों का सेवन आदि उपाय बताए गए। शिविर में उपस्थित समस्त ग्रामीण, स्कूली छात्र छात्राओं को 21 जून 2026 योगा दिवस की जानकारी देकर योग के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के उपरांत आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ानाए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।

### खकनार पुलिस व्दारा चोरी के प्रकरण मे फरार चल रहे तीसरे आरोपी को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

**नेपानगर।** खकनार पुलिस व्दारा चोरी के प्रकरण मे फरार चल रहे तीसरे आरोपी को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार। पुलिस के अनुसार चौकी देडतलाई थाना खकनार क्षेत्र के ग्राम देडतलाई के फरियादी अनिल पिता चिंताराम मार्को के खेत से 23 फरवरी की रात अज्ञात आरोपियों द्वारा खेत की पानी पनडुब्बी मोटर व केबल वायर चुराकर ले गये थे।

# विकास तभी सार्थक जब इसका लाभ पहुंचे समाज के अंतिम व्यक्ति तक : डॉ .यादव

## जनजातीय सम्मेलन : निमाड़ क्षेत्र में जल्द ही होगी रीजनल इन्वेस्टर्स समिट





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर / नेपानगर ।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है।

जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन.मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के जनजातीय बहुल नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 363 करोड़ 82 लाख रुपए के 127 विकास कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों की सौगात मिली है, यह इस क्षेत्र के जनजातीय बंधुओं के कल्याण में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने कहा कि इतिहास के पन्नों में नेपानगर दक्षिण के द्वार के रूप में अंकित है। कभी खानदेश और दक्षिण की काशी के रूप में पहचाने जाने वाले नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मध्यप्रदेश के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी।

**सिंचाई क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि- मंत्री सिलावट:** जल संसाधन मंत्री एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई क्षमता में लगातार दिन दूनी.रात चौगुनी वृद्धि हो रही है। उन्होंने इस क्षेत्र के लिए मंजूर दो सिंचाई परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह परियोजना जनजातीय क्षेत्र के विकास की नई इबारत लिखेंगी। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा ग्राउंड वाटर रिचार्ज परियोजना भी मंजूर हो चुकी है। इससे नेपानगर सहित बुरहानपुर जिले की सिंचाई क्षमता में भारी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 54 लाख हैक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई हो रही हैए जिसे वर्ष 2029 तक बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर तक किया जाएगा।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि नेपानगर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में यहां की नेपा मिल का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.यादव से अनुरोध किया कि यह नेपा मिल किसी भी स्थिति में बंद न हो,बल्कि हमेशा की तरह संचालित होती रहे, ऐसे सभी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसान, मजदूर, विद्यार्थी और महिला सहित समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए पूरी शिद्धत से काम कर रही है।

विधायक बुरहानपुर एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.यादव के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने एवं 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकारए सामाजिक सरोकारों से जुड़ी सरकार है। सरकार के प्रयासों से प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भी निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बुरहानपुर में ष्सम्राट विक्रमादित्यष् महानाट्य का मंचन कराने का अनुरोध किया।

नेपानगर विधायक मंजू राजेन्द्र दादू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, उपाध्यक्ष गजानन महाजन, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार, सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनजातीय बंधु उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु





**नवभारत न्यूज, खकनार ।** ग्राम मातापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल श्नंद के आनंद भयो,जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। कथा वाचक चैतन्य लक्ष्मण बापू के कृपा पात्र शिष्य सुकदेव महाराज ने कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मात्र ही मनुष्य को मोक्ष प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ऐसी पवित्र कथा है, जिसे सुनने से मन को शांति मिलती है और अहंकार का नाश होता है।

भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ किया गया,जहाँ कथा वाचक भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, कारागार से गोकुल गमन और बाल लीलाओं का संगीतमय वर्णन किया। कथा के आयोजन से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हें बालक के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कथावाचक ने बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार और अनाचार बढ़ गया तथा चारों ओर त्राहि.त्राहि मच गई,तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया और धर्म की स्थापना की। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भी विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान आसपास गांव के सैकड़ो श्रद्धालू मौजूद थे।आयोजक समिति ने कहा की कथा शाम 7बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जा रहा है जिसका समापन 17 मार्च कों होंगा।

## बुरहानपुर वन मण्डल की विभागीय प्रदर्शनी में नक्षत्र वन, पंचवटी और राशि वन के मॉडल



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले के नेपानगर, में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम स्थल पर बुरहानपुर वन मण्डल द्वारा विभागीय प्रदर्शनी में नक्षत्र वन, पंचवटी एवं राशि वन के मॉडल तैयार किए गये जिसका उनके द्वारा अवलोकन किया गया तथा उनकी सराहना की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनकी राशि एवं नक्षत्र के अनुसार पीपल एवं बेल के पौधे भेंट किए गए , उक्त प्रदर्शनी के दौरान रमेश राठौर वन मंडल अधिकारी बुरहानपुर,अजय सागर एसडीओ बुरहानपुर, विक्रम सुलिया एसडीओ नेपानगर अजय गुप्ता प्रशिक्षु आई एफ एस परिक्षेत्र अधिकारी नेपानगर सहित सभी आठ रेंज के वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

## सीएम डॉ .मोहन यादव और प्रभारी मंत्री का स्वागत



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन जी यादव नेपानगर में जनजाति सम्मेलन में शामिल हुवे , इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री चिंतामन महाजन एवं कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक ने उनका शॉल, श्रीफल-पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

वहीं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जी यादव के कार्यक्रम में शामिल होने पधारे जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट का आत्मीय स्वागत करते हुवे भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ,जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव,कोषाध्यक्ष कैलाश जी पारीक एवं नेपानगर पूर्व विधायक व अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा कासडेकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



## भीमआर्मी ने मनाई कांशीराम की 92वीं जयंती, संघर्ष के बारे में दी जानकारी



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** बुरहानपुर जिला अंतर्गत इंदिरा कॉलोनी स्थित एक बुद्ध विहार में बहुजन समाज में राजनीतिक चेतना और आत्मसम्मान का दीप प्रज्वलित करने वाले कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रोपड़ जिले के हुआ थाए उनकी 92 वीं जन्म जयंती मनाई गई, जिसमें कांशीराम और संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहेब को नमन किया गया।

कार्यक्रम में कई वक्ता शामिल हुए जिन्होंने कांशीराम के जीवन पर अपनी अपनी बात रखी, एडवोकेट गौतम तायड़े द्वारा कहां गया कि कांशीराम का जीवन संघर्ष के दौरान ही आज हमें राजनीति में कदम रखने को जगह मिल रही ह।

इस दरमियान भीम आर्मी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि वास्तविक सत्ता पर काबिज होना है तो कांशीराम द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना होगा और बहुजन समाज को एक होना होगा , तब जाकर सत्ता की चाबी आपके हाथ में हो सकती है,जब तक आप सत्ता में काबिज नहीं होंगे, तब तक आपकी किसी ही प्रकार की उन्नति नहीं हो सकती नहीं, भारत देश तर्क वादी था परंतु आज जमाना लॉजिक की जगह पर मैजिक की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहा है देश मे वैज्ञानिकों की जगह पर बाबा को महत्व दिया जा रहा है, डॉक्टर की जगह पर तांत्रिक,रिसर्च के जगह आश्रम और तार्किक की जगह अंधविश्वास मे हीं देश डूबता जा रहा हैण् इस पर हमें ध्यान आकर्षित करना होगाणभारती सोनवने ने बताया कि महिलाओं ने भी बढ़.चढ़कर भाग लेना चाहिए तब जाकर बहुजन समाज एक होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित गौतम तायड़े,रमजान तडवी, विजय मेढ़े, मुकेश अटकड़े,मिथुन शंकरपाल, एंजेल सोनवने, असलाम तड़वी, विनोद लोंढ़े, सतीश वाघ, सलदार मौलाना, ऋषि प्रजापति, रुबाब तड़वी, अयूब तड़वी,सलीम तड़वी,सय्यद जमील, मौसिम तड़वी,अखबार तड़वी, मो सदाम आदि उपस्थित थे।



एक नजर

**मुख्यमंत्री का आगमन क्षेत्र के विकास संकल्पों को नई ऊर्जा देने वाला है : चिटनिस**

# सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, वैभव और न्यायप्रिय शासन पर आधारित नाटक का बुरहानपुर में हो मंचन

## बुरहानपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा से हर्ष







**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** बुरहानपुर जिले के नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति के बीच क्षेत्रीय विकास और जनआकांक्षाओं की गूंज सुनाई दी। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री के समक्ष बुरहानपुर जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी रूप से रखा तथा क्षेत्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए उनका स्नेहपूर्ण आशीर्वाद और सहयोग चाहा।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर जिले और विशेषकर नेपानगर क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है कि विगत दो माह के भीतर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का दो बार आत्मीय सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले माह 14 फरवरी 2026 को बुरहानपुर आगमन उसके बाद पुन: आज 15 मार्च 2026 को जिले में नेपानगर में मुख्यमंत्री का आगमन क्षेत्र के विकास संकल्पों को नई ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा कि नेपानगर क्षेत्र मुख्य रूप से वनवासी और जनजातीय समाज की बहुलता वाला क्षेत्र है, जहाँ के लोगों की वर्षों पुरानी पीड़ा और समस्याओं को समझते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा पट्टों का वितरण कर उन्हें उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाना ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह केवल भूमि का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनजातीय परिवारों के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री के कुशल आर्थिक नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति निरंतर मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई ह, जो पिछले दो वर्षों में 1 लाख 28 हजार रुपए से बढ़कर 1 लाख 52 हजार रुपए तक पहुँच गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश आर्थिक प्रगति और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। श्रीमती चिटनिस ने 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल संरक्षण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान प्रदेश की जीवनदायिनी नदियों और जल स्त्रोतों के संरक्षण व पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए नई शिक्षा नीति को सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू करने के निर्णय का भी उल्लेख किया और कहा कि इस क्रांतिकारी कदम के परिणाम आज प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के रूप में दिखाई दे रहे हैं।

किसानों के हितों पर चर्चा करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से धरती माँ को बचाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की यह दूरदर्शी सोच किसानों की समृद्धि के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी वरदान साबित होगी। सांस्कृतिक गौरव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जिस प्रकार देशभर में महान सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, वैभव और न्यायप्रिय शासन पर आधारित नाटक का मंचन कर भारतीय संस्कृति और इतिहास को जन.जन तक पहुँचाने का कार्य किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि बुरहानपुर की ऐतिहासिक धरा पर भी सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित इस नाटक का भव्य मंचन कराया जाए, ताकि यहां की जनता भी भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक गौरव से प्रेरणा प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर अर्चना चिटनिस की निर्णायक पहल और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से प्रत्यक्ष संवाद के परिणामस्वरूप बुरहानपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा भी की गई। यह निमाड़ क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री के समक्ष निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक संभावनाओं, कृषि आधारित उद्योगों और निवेश के अवसरों का ठोस दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा की। प्रस्तावित कॉन्क्लेव के माध्यम से फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, डेयरी,शुगर,एथेनॉल और अन्य कृषि आधारित उद्योगों को विशेष बढ़ावा मिलने की संभावना है। इससे क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और बुरहानपुर सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र को औद्योगिक पहचान मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने श्रीमती अर्चना चिटनिस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे बुरहानपुर जिले के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर सक्रिय और समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि अर्चना चिटनिस के नेतृत्व और प्रयासों से बुरहानपुर जिले में विकास कार्यों को नई गति मिली है और जिला निरंतर प्रगति की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके जनहितैषी कार्यों की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहा।